मंगलवार
19 जुलाई 2022



पृष्ठ 4
रसोई में रखें इन पदार्थों से करें इम्युनिटी बूस्ट



पृष्ठ 5
मिताली राज का किरदार निभाना मेरे लिए बड़ी चुनौती थी: तापसी



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 163
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

दरिद्रों में दरिद्र वो है जो अतिथि का सत्कार न करे।
– तिरुवल्लुवर

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# पहाड़ पर आसमानी आफत का अलर्ट

## ❑कल दून सहित आठ जिलों में अत्यधिक भारी बारिश के आसार

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य में बीते कल से झमाझम बारिश का क्रम जारी है। मौसम विभाग द्वारा बीते कल राज्य के 7 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था आज मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के 8 जिलों में भारी से भी भारी बारिश की संभावना जताते हुए कहा गया है कि 22 जुलाई तक पूरे राज्य में भारी बारिश होगी जिसके मद्देनजर सतर्कता बरतने की जरूरत है।

मौसम विभाग के निदेशक डॉ विक्रम सिंह का कहना है कि यूं तो आज ही राज्य में सामान्य बारिश की एक्टिविटी देखी जा रही है लेकिन आज और कल 2 दिन यानी आगामी 72 घंटों में राज्य के 8 जिलों में भारी से भी भारी बारिश होने की संभावना है। जिन जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है उसमें देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी और टिहरी के अलावा अल्मोड़ा, चंपावत, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ जिले शामिल है। अगले 72 घंटों में इन जिलों में अत्यधिक बारिश की संभावना जताते हुए शासन-प्रशासन को अपेक्षित सावधानी बरतने को कहा गया है।



**●अगले दिन के लिए रेड अलर्ट जारी**
**●गढ़वाल के चार व कुमाऊं के चार जिलों को खतरा**
**●शासन-प्रशासन ने आपदा प्रबंधन को किया अलर्ट**

उल्लेखनीय है कि इन दिनों राज्य में चारधाम यात्रा के साथ-साथ कांवड़ यात्रा भी चल रही है। इस बीच आज जारी किए गए रेड अलर्ट के बाद शासन प्रशासन ने भी सभी जिलों के जिला प्रशासन को अलर्ट रहने के आदेश दिए गए हैं। हालांकि संभावित खतरे के मद्देनजर शासन द्वारा पहले ही संवेदनशील क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तैनात कर दिया गया है तथा पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड में है जिससे किसी भी तरह की दुर्घटना के समय बचाव व राहत कार्य किया जा सके।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जहां भी भूस्खलन से मार्ग बाधित हो उन्हें तत्काल खोला जाए।

# स्कूली बस नाले में बही

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में आफत की बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। नदी-नाले उफान पर हैं तथा भूस्खलन से आवागमन ठप हो रहा है। जगह-जगह दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा आवासीय क्षेत्रों में जलभराव से लोग परेशान हैं।



**●यात्रियों से भरी बस पानी में फंसी**
**●भूस्खलन से सड़कों पर मलवा**
**●आवासीय क्षेत्रों में जलभराव**

चंपावत के टनकपुर में विरोड़ा नाले में आज एक स्कूली बस बह गई, जिसे निकालने की कोशिश में बस नाले में पलट गई। गनीमत रही कि इस स्कूल बस में छात्र नहीं थे जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।

ड्राइवर व कंडक्टर ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई वही रुद्रप्रयाग में एक व्यक्ति 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा जिससे एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। रामनगर से प्राप्त समाचार के अनुसार भारी बारिश के कारण धनगढ़ी नाले में उफान आ गया जिसके कारण यात्रियों से भरी एक बस फंस गई। स्थानीय प्रशासन ने किसी तरह से रेस्क्यू कर बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उधर बागेश्वर से प्राप्त समाचार के अनुसार कपकोट मार्ग पर भारी भूस्खलन के कारण यातायात बंद हो गया है।

राजधानी दून सहित राज्य के अन्य तमाम स्थानों पर हो रही भारी बारिश के कारण रिहायसी क्षेत्रों में जलभराव की खबरें मिल रही है। पानी घर मकान और दुकानों में घुसने से लोग परेशान हैं। प्रदेश में भारी बारिश के कारण नदी नालों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है जिससे किनारों पर बसी बस्तियों को खतरा बना हुआ है।

# नीट की परीक्षा देने आई छात्रा को किया अंडरगारमेंट्स उतारने को मजबूर !

कोल्लम। दक्षिण भारतीय राज्य केरल में एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने आई छात्रा को अंडरगारमेंट्स उतारने को मजबूर किया गया। छात्रा के वस्त्रों में मेटालिक हुक की वजह से सिक्योरटी गाडर्स द्वारा उसे अपनी ब्रा उतारने को कहा गया। बता दें कि, यह घटना केरल के कोल्लम जिले के एनईईटी (राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा) केंद्र की है, जहां बीते रविवार को लड़कियां भी नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा देने पहुंची थीं। उस दौरान एक छात्रा को परीक्षा लिखने से पहले कथित तौर पर अपनी ब्रा उतारने के लिए मजबूर किया गया, क्योंकि सुरक्षा जांच के दौरान धातु के हुक बीप किए गए थे। लड़की के पिता द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद यह चौंकाने वाली घटना सुर्खियों में आ गई।

आज कोल्लम पुलिस प्रमुख केबी रवि ने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि, छात्रा के माता-पिता ने हमारे यहां शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि वहां कई लड़कियों को अपने अंडरवियर को हटाने के लिए मजबूर किया गया था और उन्हें एक स्टोर रूम में फेंक दिया गया था। लड़की के पिता ने कहा, ष्एक सिक्योरटी चेक के बाद, मेरी बेटी को कहा गया कि मेटल डिटेक्टर द्वारा इनरवियर के हुक का पता लगाया गया था, इसलिए उसे इसे हटाने के लिए कहा गया। कैसी विडंबना है कि लगभग 90 प्रतिशत छात्राओं को अपने इनरवियर को निकालना पड़ा और उन्हें एक स्टोर रूम में रखना पड़ा।

# सुप्रीम कोर्ट ने नुपुर शर्मा की गिरफ्तारी पर लगाई 10 अगस्त तक रोक

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने पैगम्बर मोहम्मद पर बयानबाजी करने वाली बीजेपी की प्रवक्ता नुपुर शर्मा को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने 10 अगस्त तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई है।

कोर्ट ने आदेश दिया कि उनके खिलाफ दर्ज याचिकाओं पर कोई बड़ा कदम नहीं उठाया जाएगा। अदालत ने कहा कि जान को खतरा है। ऐसे में वह विभिन्न हाईकोर्ट नहीं जा सकती और हमारा कर्तव्य है कि जान की सुरक्षा करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कई ऐसी घटनाएं सामने आई। उसमें अजमेर शरीफ के सलमान चिश्ती का बयान भी है और यूपी के एक नागरिक ने नुपुर को धमकी दी।



पश्चिम बंगाल में भी उनके खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गई और कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए लुक आउट नोटिस जारी कर दिया। ऐसे में वह हाईकोर्ट जाने में सक्षम नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नुपुर के वकील ने अपनी मुवक्किल की जान को खतरे संबंधी जानकारी भी दी है। वो इस संबंध में हलफनामा दाखिल करें। इन घटनाओं के संबंध में अदालत ने नुपुर की याचिका पर केन्द्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है और अगली सुनवाई तक उनकी गिरफ्तार पर रोक लगाई है।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## आम आदमी पर भारी जीएसटी

भले ही जीएसटी कर चोरी रोकने और कर सुधार की दिशा में एक कारगर कदम रहा है और इससे केंद्र तथा राज्य सरकारों की आय में वृद्धि हुई हो लेकिन क्या कर प्रणाली का उद्देश्य सिर्फ सरकार की आय को बढ़ाना ही है या फिर आम आदमी की मुश्किलों को कम करना भी है। जीएसटी लागू करने के बाद सरकार और जीएसटी काउंसिल की सोच अगर यह है कि आम आदमी और व्यापारियों तथा व्यवसायियों को कैसे अधिक से अधिक निचोड़ा जाए तो इस प्रवृत्ति को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। अभी हाल ही में हुई जीएसटी काउंसिल की 47 वीं बैठक में लिए गए निर्णय जिसमें खाने-पीने की आटा, चावल, दही, पनीर जैसी तमाम वस्तुओं पर जो 5 फीसदी टैक्स लगाने का फैसला लिया गया है उसे कतई भी व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता। कल शुरू हुए संसद के सत्र के पहले ही दिन इसके विरोध में भारी हंगामा हुआ। देश में बीते कल से जिन आम उपभोग की छोटी-छोटी वस्तुओं पर जिनकी हर किसी को हर रोज जरूरत पड़ती है 5 फीसदी जीएसटी लगा दिया गया है। यही नहीं 5000 तक अस्पताल के कमरे और 1000 तक के होटल के कमरे भी अब जीएसटी के दायरे में आ चुके हैं। एक तरफ केंद्र की सरकार सबका साथ सबका विकास की बात करती है। देश की आम जनता और गरीबों के संरक्षण की हिमायत करती है। कोरोना काल में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का ढिंढोरा पीट रही है वहीं वह आटा-चावल और दूध-दही जैसी वस्तुओं जो इन गरीबों के उपयोग की वस्तुएं हैं उन पर टैक्स वसूली में नहीं हिचक रही है। क्या इसका आम आदमी की जेब पर प्रभाव नहीं पड़ेगा? निश्चित तौर पर सरकार का यह एक गरीब विरोधी कदम है। हास्यप्रद बात यह है कि सरकार टैक्स वसूली पर दलील देती है कि वह जो टैक्स लेती है उसे जनता के लिए ही खर्च किया जाता है अगर अच्छी सड़कों पर चलना है या अच्छी सड़कें चाहिए तो फिर टोल तो देना ही होगा। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह टोल वसूली सड़क निर्माण की लागत से भी 100 गुना अधिक होनी चाहिए। सरकार को अब आम आदमी भी परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप में अपनी कमाई का 20 फीसदी टैक्स दे रहा है। जिसकी बदौलत सरकार टैक्स वसूली के नित नए रिकॉर्ड बना रही है और यह रिकॉर्ड अब 1.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया है सवाल यह है कि सरकार आखिर चाहती क्या है? उसे कितना टैक्स चाहिए। एक सवाल यह है कि जब देश की 80 फीसदी जनता की टैक्स वहन करने की कोई क्षमता नहीं और वह रोज कुआं खोदकर अपनी प्यास बुझाने की जद्दोजहद में जुटी है तो क्या उस पर सरकार को ऐसा कोई बोझ लादना चाहिए कि उससे उसकी कमर ही टूट जाए। बढ़ती महंगाई से उसकी कमर पहले ही झुक चुकी है तो क्या सरकार ने इन गरीबों की कमर तोड़ने की कसम खा रखी है अच्छा हो कि सरकार इस टैक्स वृद्धि को गरीबों के हित में वापस ले।

## सीएम धामी ने किया उत्तराखण्ड के मंदिरों पर लिखी पुस्तक का विमोचन

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुश्री आराधना जौहरी ( से. नि. आई०ए०एस ) द्वारा उत्तराखण्ड के मंदिरों पर लिखी गई पुस्तक BEYOND THE MISTY VEIL , Temple Tales OF Uttarakhand का विनोचन किया। कार्यक्रम का आयोजन सीएम कैम्प कार्यालय देहरादून स्थित मुख्य सेवक सदन में किया गया।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुस्तक की लेखिका सुश्री आराधना जौहरी को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक देश-विदेश में उत्तराखंड के दिव्य मंदिरों के एक प्रामाणिक परिचय के रूप में जानी जाएगी। इस पुस्तक से लोगों को बेहतरीन जानकारी मिलेगी। पुस्तक की सामग्री से जाहिर होता है कि लेखिका ने इसमें कितनी मेहनत की है। देवभूमि उत्तराखण्ड के पौराणिक मंदिरों पर आधारित पुस्तक हमें अपनी संस्कृति और माइथोलॉजि के बारे मे अवगत कराती है। लेखिका सुश्री आराधना जौहरी जी ने अपने सेवाकाल में बतौर नैनीताल डीएम बहुत से विशिष्ट कार्य किये। अब पुस्तक लेखन द्वारा योगदान दे रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुस्तक से उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। लोगों को अनगिनत मंदिरों और उनसे जुड़ी लोक गाथाओं के बारे में पता चलेगा।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा की सरकार विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु मानसखंड कॉरिडोर पर कार्य कर रही है। प्रयास है कि विभिन्न धार्मिक सर्किटों का विकास किया जा सके। चारधाम के अलावा भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा इसके तहत हम राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले मुख्य मंदिरों को आपस में जोड़ेंगे एवं सर्किट के रूप में विकसित करके धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने जीवन में विशिष्ट कार्य कर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए, जिससे हम समाज में अपनी अलग पहचान बना सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें देवभूमि उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है। इसके लिये सभी विभागों को रोडमैप तैयार करने को कहा गया है। सभी को मिलकर अपना योगदान करना है। पुस्तक की लेखिका सुश्री आराधना जौहरी ने कहा की देवभूमि उत्तराखंड में उन्होंने शिक्षा प्रारंभ की। उनके पिताजी नैनीताल के डीएम रहे।फिर 30 साल बाद वे स्वयं यहाँ की डीएम रहीं। देवभूमि को सेवाएं देना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा नैनीताल में पोस्टिंग के दौरान देवभूमि की संस्कृति यहां के मंदिरों लोक देवताओं को करीब से जानने का मौका मिला। वे स्वयं मंदिरों तक गई और वहां की तमाम जानकारियां पुस्तक में देने की कोशिश की है। उनकी यात्रा उतनी ही सुन्दर रही जितनी सुंदर मंजिल थी। यहां का स्थापत्य, इतिहास, लोकगाथाएं, माइथोलॉजी अद्भुत है। एक पुस्तक में इतनी बातों को समेटना आसान नहीं था। तीन सौ पृष्ठ की पुस्तक में तीन वर्ष तक शोध किया। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य में चारधाम के अतिरिक्त भी धार्मिक पर्यटन की अपार संभावना है। यह पुस्तक इसमें सहायक होगी।

इस दौरान पूर्व मुख्य सचिव श्री इंदुकुमार पाण्डे, पूर्व मुख्य सचिव श्री शत्रुघ्न सिंह, पुस्तक के प्रकाशक श्री प्रभात, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी श्री अशोक कुमार, पूर्व डीजीपी श्री अनिल कुमार रतूड़ी सहित अन्य अधिकारी व विशिष्ट जन उपस्थित थे।

उतासि मैत्रावरुणो वसिष्ठोर्वश्या ब्रह्मन्मनसोऽधि जात:।
द्रप्सं स्कन्नं ब्रह्मणा दैव्येन विश्वे देवा: पुष्करे त्वाददन्त।।
(ऋग्वेद ७-३३-११)

हे वशिष्ठ, पूर्ण विद्वान ! आप सूर्य और चंद्र की संतान हो। ज्ञान रूपी माता ने आपको पोषित किया है। प्रकृति मां की गोद में आप उत्पन्न हुए हो। इंद्रियों को वश में करके आपने अपनी जीवन शक्ति में वृद्धि की है। आप कमल की पंखुड़ी पर पड़ी हुई चमकदार बूंद हो। आप लोक हित के कार्य करते जाओ।

Vashistha, the perfect scholar ! You are the child of the Sun and the Moon. The Mother of Knowledge has nurtured you. You were born in the lap of Mother Nature. By subduing the senses, you have increased your life power. You are the shining drop lying on the lotus petal. You go on doing good work for the people.
(Rig Ved 7-33-11)

## पुलिस डॉग इला ने चंद घंटो में ढूंढा शातिर चोर, रिवाल्वर व मोबाइल बरामद

हमारे संवाददाता

सहारनपुर। पुलिस डाग इला की मदद से लाईसेंसी रिवाल्वर व दो मोबाइल चोरी होने का चंद घंटो में पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक शातिर को चोरी किये गये रिवाल्वर व दो मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सहारनपुर के आनंद नगर के रहने वाले हाजी गुलजार की लाइसेंसी रिवाल्वर और दो मोबाइल फोन चोरी हो गए थे, यह घटना उस दौरान हुई जब वह बेडरूम में सो रहे थे. सुबह उठे तो उन्हें चोरी का पता चला।



रिवाल्वर सहित दो मोबाइल चोरी होने का पता चलते ही थाना कुतुबशेर पुलिस, पुलिस डॉग इला को लेकर मौके पर पंहुचे तो घटना स्थल से सुगन्ध ले कर इला (डॉग) पुलिस टीम को लेकर मोहल्ला मछियारन पहुंच गई। जिसके बाद संदिग्ध सुहैल को दबोच लिया गया।

पूछताछ में सुहैल ने न सिर्फ चोरी करना स्वीकार किया बल्कि गुलजार की चोरी की गई रिवॉल्वर और दोनों मोबाइल फोन भी बरामद करवा दिए गये। एसपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि हाजी गुलजार के यहां चोरी की सूचना मिली जिसमे उनका लाइसेंसी रिवाल्वर और 2 मोबाइल चोरी होना बताया गया. पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए डॉग स्क्वायड के साथ महज 12 घण्टे में चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है।

## सिपाही ने गले में फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता

देहरादून। सिपाही ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कंडोली स्थित सरकारी आवास में रहने वाले सिपाही सुरेश कंसवाल रात को अपने कमरे में सोने चले गये तथा परिवार के अन्य लोग साथ वाले कमरे में सो रहे थे। आज प्रात: जब परिवार के लोग उठे तो उन्होंने देखा कि सुरेश कंसवाल का कमरा बंद था उन्होंने उनको आवाज लगायी तो अन्दर से कोई जवाब ना मिलने से उनमें घबराहट होने लगी उन्होंने अन्दर झांककर देखा तो कमरे में सुरेश का शव पंखे से लटका हुआ था। परिवार वालों ने तत्काल इसकी सूचना रायपुर थाना पुलिस को दी। सिपाही के द्वारा आत्महत्या किये जाने की सूचना मिलते ही एसपी सिटी सरिता डोभाल रायपुर थाना प्रभारी मनमोहन नेगी मौके पर पहुंचे और परिवार वालों से जानकारी ली लेकिन आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुरेश कंसवाल कई अधिकारियों के साथ रह चुके थे तथा स्वभाव से हंसमुख व्यक्ति थे।

## डीएम ने किया आपदा प्रबंधन केन्द्र का औचक निरीक्षण

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने जिला आपदा प्रबंधन केन्द्र का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देने के साथ ही गांधी ग्राम, कांवली रोड, बिन्दाल बस्ती का जायजा लेकर सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया।

आज यहां जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने जिला आपदा प्रबंधन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान जनपद की विभिन्न तहसीलों में बनाए गये कंट्रोल रूम को सतर्क रहने के निर्देश दिये तथा आईआरएस सिस्टम से जुडे अधिकारियों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिये। उन्होंने मौसम विभाग द्वारा दी गयी चेतावनी पर अधिकारियों को अलर्ट करने के साथ ही आपदा की सूचना मिलने पर त्वरित रिस्पांस करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने निर्माण दाई संस्थाओं को सडक पर पडी निर्माण सामग्री हटाने के भी निर्देश दिये। जिसके बाद जिलाधिकारी द्वारा संगम विहार, गांधी ग्राम एवं सत्तोवाली घाटी के निरीक्षण के दौरान नगर निगम को नदी नालों की साफ सफाई तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुल एवं रास्तों के मरम्मत करने के निर्देश दिये तथा स्थानीय लोगों से भी वार्ता कर कूडा नदी में ना फेंकने का अनुरोध किया है।

# पुलिस की मानमनोबल से टला ठेकेदार का आत्मदाह का प्रयास

बेरीनाग (कासं)। राजकीय ठेकेदार पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भगवत भौंरियाल ने एक सप्ताह पूर्व लोक निर्माण विभाग बेरीनाग के सहायक अभियंता संजय वर्मा पर दौलीगाड पौषा मोटर मार्ग में किलोमीटर 2 में कार्य करने के दो वर्ष के बाद भी भुगतान नही करने का आरोप लगाते हुए 18 जुलाई को लोनिवि कार्यालय में आत्मदाह की चेतावनी को लेकर प्रशासन को पत्र सौंपा था। ठेकेदार भगवत पूर्व में दी गयी सूचना पर सोमवार सुबह 11बजे लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में अपनी पत्नी रेखा भौंरियाल के साथ ज्वलनशील पद्रार्थ लेकर पहुंचे। पहले से थानाध्यक्ष हेम चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात था। पुलिस ने ज्वलनशील पद्रार्थ अपने पास रख। ठेकेदार और पत्नी रेखा भौंरियाल को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान भगवान भौंरियाल और पत्नी ने लोनिवि के सहायक अभियंता संजीव भट्ट और अवर अभियंता को जमकर खरी खोटी सुनाई और पूर्व में यहां पर तैनात सहायक अभियंता संजय वर्मा पर जानबूझकर निर्माण कार्य करने के दो वर्ष के बाद भुगतान के लिए परेशान करने के कारण मानसिक रूप से बीमार होने और लगातार स्वास्थ्य में गिरावट आने के जिम्मेदार ठहराया।

इस दौरान सहायक अभियंता संजीव भट्ट ने शीघ्र भुगतान की कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान पुलिस और एलआईयू के अधिकारियों ने समझाया। तब जाकर आत्मदाह का निर्णय वापस लिया। इस दौरान ठेकेदार ने अधिशासी अभियंता को पत्र देकर 22 जुलाई तक भुगतान नही होने पर परिवार सहित सामूहिक रूप से परिवार सहित लोनिवि कार्यालय में आन्दोलन करने की चेतावनी दी और कोई हादसा होता है लोनिवि विभाग की जिम्मेदारी होने की बात कही। इस मौके पर थानाध्यक्ष हेम चन्द्र तिवारी, एसआई मनोज पांडे,एलआईयू उप निरीक्षक नवीन तोमर, उपेन्द्र मेहता, सहायक अभियंता संजीव भट्ट, अवर अभियंता सूरज सहित आदि मौजूद थे।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान फनवैली के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ।

पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 85 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम देशमुख कुमार पुत्र ब्रहमपाल निवासी जाटव बस्ती ऋषिकेश बताया। वहीं डोईवाला पुलिस ने सतनाम के ढाबे के पीछे से व्यक्ति को 50 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया जिसने अपना नाम नवीन तोमर पुत्र शिव तोमर निवासी केशवपुरी बस्ती बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जन शिक्षण संस्थान, हाईफीड कैंपस, रानीचौरी में खुला इग्नू का एक्सटेंशन सेंटर

टिहरी (कासं)। हिमालयन इंस्टिट्यूट फॉर एन्वायरमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट (हाईफीड), रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल द्वारा संचालित तथा कौशल विकास एवम् उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित जन शिक्षण संस्थान में भी इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) का एक्सटेंशन सेंटर स्थापित किया गया है। इग्नू तथा कौशल विकास एवम् उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के बीच हुए समझौते के तहत जन शिक्षण संस्थान अब इग्नू के



एक्सटेंशन सेंटर के रूप में कार्य करेंगे। विदित हो कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2006 में हाईफीड, रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल को जन शिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त संस्थान विगत 16 वर्षों से जनपद टिहरी गढ़वाल में युवकों व युवतियों को विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक व रोजगारपरक तथा कौशल आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका अदा कर रहा है।

हाईफीड के निदेशक डा0 कमल बहुगुणा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जन शिक्षण संस्थान में स्थापित किए गए इन केंद्रों का उद्देश्य ग्रामीण जनता के बीच उच्च शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के साथ साथ कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना है। डा0 कमल बहुगुणा ने कहा कि जो प्रशिक्षणार्थी इग्नू के कोर्सो में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, वह जन शिक्षण संस्थान के हाईफीड, रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल में स्थित केंद्र पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# अधिकारी धरातल पर करें कामः खंडूड़ी

संवाददाता



देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने कहा कि कागजी कार्यवाही से अधिक धरातल पर काम किया जाए एवं दिए गए निर्देशों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें।

आज यहां विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार के अंतर्गत स्थापित चिकित्सा इकाइयों में मानव संसाधन उपकरणों एवं इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति की जानकारी के लिए उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के संग समीक्षा बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष ने अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाए जाने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश एवं जरुरी सुझाव दिए। विधानसभा भवन देहरादून में आयोजित बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों से कोविड-19 वैक्सीनेशन एवं बूस्टर डोज के संबंध में भी जानकारी ली। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेस हॉस्पिटल कोटद्वार में जल्द से जल्द विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कागजी कार्यवाही से अधिक धरातल पर काम किया जाए एवं दिए गए निर्देशों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी अपनी जिम्मेवारी से बच नहीं सकता है, जनमानस को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता में होना चाहिए, जिसके लिए अस्पतालों में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य उपकरण, दवाइयों समेत सभी मूलभूत सुविधाओं का व्यवस्थित होना आवश्यक है। स्वास्थ्य सेवा में औषधि, जांच, परीक्षण सेवा और ब्लड बैंक सहित अन्य के विकास पर फोकस किया जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूती प्रदान करने के लिए निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाय।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य महानिदेशक शैलजा भट्ट, पौड़ी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीण कुमार, बेस हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आदित्य तिवारी मौजूद थे। विधान सभा क्षेत्र कोटद्वार के अन्तर्गत अवस्थित चिकित्सा इकाइयों में मांग के आधार पर उपकरणों एवम औषधि की आपूर्ति की जा रही है तथा जिन उपकरणों की उपलब्धता जिला स्तर पर नहीं है उनकी उपलब्ध्ता हेतु महानिदेशालय स्तर से का मांग पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। चिकित्सा इकाइयों में आवश्यकतानुसार नये भवनों के निर्माण एवं मरम्मत आदि कार्य हेतु आगणन तैयार किये जा चुके हैंयअवगत किया की वर्तमान में 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाईप बी, 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाइप ए, 8 मातृत्व शिशु कल्याण उपकेन्द्र, 1 ट्रामा सैन्टर, 3 विभागीय एम्बुलैन्स, 2 एम्बुलैन्स108, तीन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर लालपानी, मोटाढाक, सिगड्डी में संचालित हो रहे है।

# महिलाओं से अभद्रता के मामले में महिला मंच ने किया प्रदर्शन

संवाददाता

देहरादून। पहाड में घास ला रही महिलाओं के साथ अभद्रता करना व उनको थाने में बैठाये रखने जैसी घटना से आक्रोशित महिला मंच में गांधी पार्क के पास प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

आज यहां महिला मंच कार्यकर्ता कमला पंत के नेतृत्व में गांधी पार्क के समक्ष एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि 15 जुलाई को जोशीमठ प्रखंड के हेलंग गांव में जंगल से घास ला रही महिलाओं से ना सिर्फ उनके घास के गटठर छीनते पुलिस व केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान दिख रहे हैं बल्कि विडिया में ही दिखता है कि एक महिला रो रही है दूसरी के साथ छीना झपटी हो रही है। यह दृश्य इस राज्य में जोकि महिलाओं के आंदोलन व उनकी शहादत व कुर्बानियों के बदौलत बना देखना बहुत शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की जल विद्युत परिजयोजनाओं के नाम पर हजारों नाली नाप भूमि जंगल, चरागाह की भूमि, पनघट, मरघट, पंचायत की भूमि कम्पनियों को पहले ही दे दी गयी है। इसके बाद भी कम्पनियों की नीयत लोगों की सामूहिक हक हकूक की भूमि को भी हडप लेने की है। इससे आम ग्रामीणों के सम्मुख घास चारा लकडी का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने मांग की है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच की जाये तथा दोषियो पर तत्काल सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये।

# सेब, किवी, बागनवानी हेतु काश्तकारों को जागरूक व प्रोत्साहित करते हुए कलस्टर बनाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता

बागेश्वर। जनपद में बागवानी, किवी, सेब, मत्स्य उत्पादन के कलस्टर विकसित किये जायेंगे, यह बात जिलाधिकारी रीना जोशी ने गरूड़-कौसानी क्षेत्र भ्रमण दौरान प्रगतिशील किसानों के बागवानी, एप्पल, किवी गार्डन के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को जनपद में सेब, किवी, बागनवानी हेतु काश्तकारों को जागरूक व प्रोत्साहित करते हुए कलस्टर बनाने के निर्देश मौके पर दिये।

जिलाधिकारी ने आणा ग्राम पंचायत के तोक ककड़धार में रजनीश द्वारा लगभग 25 बीघा में किवी उत्पादन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि रजनीश द्वारा किवी का स्वयं उत्पादन किया जा रहा है, उनके द्वारा 25 बीघा में 100 किवी के पौधें लगाये गये है, पौधों में दुबारा फ्रूटिंग हुई है, तथा एक किवी के बेल से लगभग 30 किलो फल प्राप्त होता है।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने कौसानी के पिगंलकोट में प्रगतिशील किसान मदन सिंह के बागवानी एवं एप्पल गार्डन का निरीक्षण किया। मदन सिंह द्वारा चाय, मिर्च, सब्जी, उत्पादन के साथ ही हाईडेनस्टी एप्पल उत्पादन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मदन सिंह से संवाद करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने चाय, सब्जी, मिर्च उत्पादन के साथ ही 250 हाईडेनस्टी एप्पल पेड़ लगाये गये है, जिनसे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। सब्जीयों व सेब खरीदने हेतु लोग व पर्यटक एप्पल गार्डन में ही आते है। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिये कि वे क्षेत्र के और काश्तकारों को सेब उत्पादन हेतु प्रोत्साहित करें तथा जनपद के काश्तकारों को मदन सिंह के बागवानी एवं एप्पल गार्डन का भ्रमण भी करायें, ताकि अधिक से अधिक काश्तकार सेब उत्पादन एवं बागवानी की और आकर्षित हो सके। उन्होंने किसानों को जागरूक कर सेब, बागवानी के कलस्टर तैयार करने के निर्देश दिये।

इसके बाद जिलाधिकारी ने बहादुर सिंह कठायत की बागनवानी का भी निरीक्षण किया। बहादुर सिंह द्वारा बड़ी ईलाइची, चाय, नाश्पाती, किवी के साथ ही मछली उत्पादन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्रगतिशील काश्तकार बहादुर सिंह व मदन सिंह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी आर. के. सिंह, तहसीलदार तितिक्षा जोशी सहित उद्यान सचल दल के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# आईएएस बनने पर दीक्षा जोशी को किया सम्मानित




संवाददाता

देहरादून। आईएएस बनने पर प्रदेश की बेटी दीक्षा जोशी को सम्मानित किया गया इस दौरान उसने छात्र-छात्राओं के साथ अपनी अनुभव सांझा किये। आज यहां सर्वे चौक स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित सक्सेस मंत्रा, सेमिनार में यूपीएससी 2021 में ऑल इंडिया रैंक 19 प्राप्त करने वाली और यूपीएससी टॉपर दीक्षा जोशी को सम्मानित किया गया इस दौरान दीक्षा ने छात्र, छात्राओं को गुरू मंत्र दिया। देशभर में 19वीं रैंक हासिल कर दीक्षा ने प्रदेश का नाम रोशन किया उन्होंने पहले ही प्रयास में सफलता अर्जित की। उन्होंने अपनी हाईस्कूल तक की पढ़ाई पिथौरागढ़ के मल्लिकार्जुन स्कूल में की। जिसके पश्चात उन्होंने देहरादून स्थित वेल्हम गर्ल्स में पढ़ाई की और यहां से इंटरमीडिएट करने के बाद जौलीग्रांट से एमबीबीएस किया। दीक्षा ने दो साल तैयारी करने के बाद सिविल सेवा परीक्षा दी और देश में 19वीं रैंक हासिल की। दीक्षा जोशी को इस दौरान पढ़ाई में अपने माता-पिता का भरपूर सहयोग मिला। वही अविरल के निदेशक डी.के.मिश्रा ने बताया कि दीक्षा ने पहले एमबीबीएस में प्रवेश लिया। जबकि वह यूपीएससी में चयन से पूर्व जौलीग्रांट मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। यूपीएससी टॉपर दीक्षा जोशी ने बताया कि जब हम सभी छात्र, छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए तैयारी करनी चाहिए। पिथौरागढ़ में पली, बढ़ी दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण वहां सुविधाओं का अभाव था। उन्होंने बताया कि उसकी रूचि प्रारंभ में मेडिकल की ओर थी। इसके लिए उसने तैयारी की और उसका चयन भी हुआ। आयोजित कार्यक्रम में दीक्षा जोशी ने छात्र, छात्राओं को कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया व शुभकामनाएं दी।

## चरस के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत विहार थाना पुलिस ने पीर की माडी कब्रस्तान जाने वाले रास्ते पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 152 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम अमन कुमार पुत्र मधु दास निवासी पण्डितवाडी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेस करेगी 21 जुलाई को देहरादून में ईडी का घेरावः धीरेन्द्र

नगर संवाददाता

देहरादून। केन्द्र सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए विपक्षी दल के नेताओं के खिलाफ राजनैतिक षडयंत्र के तहत फर्जी मुकदमें दर्ज कर केन्द्र सरकार के अधीनस्थ ऐजेंसियों के माध्यम से लगातार उनका उत्पीड़न कर रही है। जिसके विरोध में कांग्रेस पूरे देश में 21 जुलाई को ईडी कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप द्वारा इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस की शीर्ष नेता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ केन्द्र सरकार द्वारा ईडी के माध्यम से की जा रही उत्पीडनात्मक कार्रवाई के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 21 जुलाई, 2022 को पूरे देश में ईडी कार्यालयों के सम्मुख धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। केन्द्र सरकार की इसी उत्पीडनात्मक कार्रवाई के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 21 जुलाई 2022 को प्रात: 10:30 बजे से देहरादून में क्रास रोड़ स्थित ईडी कार्यालय के सम्मुख विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इस विशाल प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष करण माहरा करेंगे।

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# रसोई में रखें इन पदार्थों से करें इम्युनिटी बूस्ट



कोरोना वायरस महामारी का खतरा अभी टला नहीं है। देश में रोजाना नए मामले सामने आ रहे हैं। कोरोना से बचाव के लिए जहां वैक्सीन जरूरी है तो वहीं इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाना भी जरूरी है। कोरोना के कई वेरिएंट्स एंटी बॉडी को चकमा दे रहे हैं और यही वजह है कि वैक्सीन लगवाने लोग भी वायरस की चपेट में आ रहे हैं। एक्सपर्ट्स अब भी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने की सलाह दे रहे हैं। हम आपको कुछ खाने-पीने से जुड़े टिप्स बता रहे हैं, जो आपकी सेहत को दुरुस्त रख सकते हैं।

लंच में शामिल करें हेल्दी चीजें

अगर आप लंच में सिर्फ रोटी-सब्जी खाते हैं, तो इस आदत में सुधार करें। इसके बजाय आपको अपने लंच हर चीज शामिल करनी चाहिए। उसमें दाल, सब्जी, रोटी, चावल, सलाद, रायता या दही शामिल करें, ताकि लंबे समय तक आपका पेट भरा रहे।

हेल्दी स्नैक्स भी जरूरी

सड़क किनारे ठेलों पर खाने की बजाय आपको हेल्दी स्नैक पर जोर देना चाहिए। बेहतर है आप घर पर ही इस तैयार करें। अगर आप ऑफिस जा रहे हैं, तो घर से बनाकर ही ले जाएं। कुल मिलाकर बात यह है कि आप खाली पेट न रहें और पोषक तत्वों से भरपूर चीजों का अधिक सेवन करें।

लंच में खूब खाएं, वजन बढ़ने की न करें चिंता

अगर आप वजन बढ़ने की चिंता की वजह से लंच में कम खाते हैं, तो अब ऐसा न करें। लंच में सभी चीजें शामिल करें जैसे कि चावल, रोटी, दाल, सब्जी और सलाद। पेट भरकर खाना खाएं और वजन बढ़ने की चिंता न करें।

पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं

आप घर पर हों या ऑफिस में, आपको पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। अपने साथ हमेशा पानी की बोतल रखें। पानी के साथ-साथ आप अन्य तरल पदार्थों जैसे छाछ, रायता, नींबू पानी और लस्सी आदि का भी सेवन कर सकते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

खाने में सभी मौसमी सब्जियां होनी चाहिए। अगर बनाने का समय नहीं है, तो कुछ ऐसा बनाएं जो तैयार करने में आसान हो। उदाहरण के लिए आप दाल, चावल और सब्जी की जगह खिचड़ी बनाकर उसमें एक घी डाल सकते हैं। (आरएनएस)

# चेहरे पर नहीं होगा फुंसी-पिंपल्स, खाएं ये चीजें

बारिश से मौसम में घुली ठंडक कई तरह के पकवान खाने की चाह मन में जगा देती है। हालांकि, हर सीजन अपने साथ कुछ ऐसे बदलाव लाता है, जिसके अनुसार कइयों का शरीर ढल नहीं पाता। इससे होता ये है कि ये चीजें बॉडी पर रिएक्ट कर जाती हैं और अक्सर स्किन प्रॉब्लम्स के रूप में सामने आती हैं। अगर आप अपनी स्किन पर फुंसी और उससे होने वाले दाग नहीं चाहतीं, तो बेहतर है कि मॉनसून में कुछ चीजों को खाना अवॉइड ही करें। ये कौन सी चीजें हैं? चलिए जानते हैं।

दूध पीना ठीक है, लेकिन इसका ज्यादा सेवन हॉर्मोन्स पर असर डाल सकता है। खासतौर से बारिश के मौसम में, जब ठंडक के कारण पाचन वैसे ही तुलनात्मक रूप से धीमा रहता है। हॉर्मोन्स बहुत जल्दी स्किन पर असर डालते हैं। ऐसे में इनके प्रभावित होने पर चेहरे पर एक्ने और पिंपल्स आने में देरी नहीं लगती है।

ऐसे फूड जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स हाई होता है, वो स्किन इन्फ्लेमेशन का कारण बनते हुए पिंपल्स को जन्म दे सकते हैं। इससे स्किन रैशेज भी हो सकते हैं। हाई ग्लाइसेमिक फूड्स में केक,चॉकलेट, स्वीट ड्रिंक्स, आइसक्रीम, कोल्डड्रिंग, सफेद ब्रेड, आलू, सफेद चावल आदि जैसी चीजें शामिल हैं।

बारिश में पकौड़े जैसी चीजें खाने का मजा ही अलग है। हालांकि, ये कई स्टडीज में भी प्रूव हो चुका है कि ज्यादा तला हुआ खाना स्किन को डैमेज करते हुए पिंपल्स का कारण बन सकता है। ऐसे में बेहतर यही है कि मॉनसून में तली व ज्यादा मसाले वाले फूड आइटम्स को कम ही खाया जाए।

पालक आयरन रिच पत्तेदार सब्जी होती है। ये आंखों के लिए तो अच्छी होती है, साथ ही में इससे हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है। हालांकि, बारिश में इसे ज्यादा खाना एक्ने की समस्या को जन्म दे सकता है। ऐसा इसमें मौजूद आयोडिन की मात्रा के कारण होता है। अगर ये सब्जी आपकी फेवरिट भी है, तो भी कंट्रोल करें तो बेहतर है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -95


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 94 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

# गॉडफादर के पोस्टर में दिखे चिरंजीवी

आचार्य की विफलता के बाद तेलुगू मेगास्टार चिरंजीवी के प्रशंसक उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें उनकी आगामी फिल्म गॉडफादर से काफी उम्मीदें हैं। फिल्म के निर्माता ने प्रशंसकों को पहले बैक-टू-बैक अपडेट दिया। उन्होंने सोमवार को एक शानदार फर्स्ट-लुक पोस्टर का अनावरण किया। अभिनेता ने सुनील चिरंजीवी को बधाई दी, जिन्होंने एक तेज काले रंग की पोशाक पहनी हुई थी। पार्श्व संगीत चिरंजीवी के कार से बाहर निकलने पर उनका जोरदार स्वागत किया जाता है।

मोहन राजा द्वारा निर्देशित, फिल्म के कलाकारों में मुख्य अभिनेत्री के रूप में नयनतारा शामिल हैं। फिल्म में सलमान खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुने गए अन्य बहुमुखी अभिनेताओं के बारे में बताते हुए, निर्माताओं ने कहा कि वे सत्य देव को एक ऐसी भूमिका में दिखाएंगे, जो निगेटिव भूमिका में होंगे।

हालांकि यह व्यापक रूप से सफल मलयालम फिल्म लूसिफेर का आधिकारिक रीमेक है, निर्माताओं ने एक कहानी बनाने का वादा किया है जो चिरंजीवी को ठीक उसी तरह चित्रित करती है जैसे उनके प्रशंसक उन्हें बड़े पर्दे पर देखना चाहते हैं। कोनिडेला प्रोडक्शन कंपनी और सुपर गुड फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में मशहूर संगीतकार थमन का संगीत होगा।

# धनुष फेम कैप्टन मिलर की घोषणा ने बनाया नया रिकॉर्ड

साउथ सुपरस्टार धनुष स्टारर कैप्टन मिलर के आधिकारिक घोषणा वीडियो ने केवल 24 घंटों में 5.5 मिलियन से अधिक संचयी दृश्य प्राप्त करने वाला पहला घोषणा वीडियो बनकर तमिल सिनेमा में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। फिल्म निर्माता अरुण मथेश्वरन द्वारा निर्देशित, पीरियड फिल्म में अभिनेता धनुष मुख्य भूमिका में हैं।

सत्य ज्योति फिल्म्स के टीजी त्यागराजन द्वारा प्रस्तुत और सेंथिल त्यागराजन और अर्जुन त्यागराजन द्वारा निर्मित इस फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं। शनिवार को जारी किए गए घोषणा वीडियो के विचार सोमवार को बढ़कर 11 मिलियन से अधिक हो गए, जिसमें 66,००० से अधिक लोगों ने इसे अंगूठा दिखाया। फिल्म में जी.वी. प्रकाश कुमार। छायांकन श्रेयस कृष्णा द्वारा किया गया है और संवाद मदन कार्की द्वारा हैं। बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म 193०-4० के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी एक पीरियड फिल्म है और इसे तमिल, तेलुगू और हिंदी में एक साथ रिलीज किया जाएगा।(आरएनएस)

# साड़ी पहन नोरा फतेही ने खेला क्रिकेट

बॉलीवुड फिल्मों की मशहूर डांसर और एक्ट्रेस नोरा फतेही इन दिनों डांस दीवाने जूनियर को जज कर रही हैं। ये एक रियलिटी शो है जिसमें छोटे-छोटे बच्चे डांस का टैलेंट तो दिखा ही रहे हैं मगर उसी के साथ सेट पर जजों के बीच भी मस्ती चलती रहती हैं। विशेष रूप से शो में पहुंचने वाले खास मेहमान जजों के साथ मिलकर जमकर मस्ती करते हैं। अब शो के सेट से एक वीडियो नोरा फतेही ने साझा किया है जिसमें वो सेट पर मिताली राज से क्रिकेट सीखती दिखाई दे रही हैं।

नोरा फतेही ने जो वीडियो साझा किया है वो डांस दीवाने के सेट की है जिसमें वो साड़ी पहनकर क्रिकेट खेलती हुईं दिखाई दे रही हैं। उन्हें क्रिकेट के गुर सिखा रही हैं मिताली राज एवं उनसे क्रिकेट सीखने के पश्चात् मास्टर मर्जी की बॉल पर नोरा ने ऐसा शॉट जड़ा कि उन्होंने दर्शकों ने छक्का दे मारा।

नोरा फतेही अक्सर डांस दीवाने जूनियर के सेट से अपनी ऐसी ही बेहतरीन वीडियो साझा करती रहती हैं। हाल ही में उनकी एक वीडियो जमकर वायरल हुई थी जिसमें नोरा फतेही कह रही हैं कि वो प्रेग्नेंट नहीं है। जैसे ही ये वीडियो सामने आई तो इसे वायरल होते भी देर ना लगी। (आरएनएस)

# कभी ईद कभी दिवाली के लिए पूजा हेगड़े ने बढ़ाई फीस

साउथ मूवी इंडस्टी की पॉपुलर अभिनेत्री पूजा हेगड़े इन दिनों अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चाओं में बनी हुई है। दरअसल, उनकी लाइन में कई बड़ी मूवीज भी है। वह साउथ के साथ बॉलीवुड मूवी भी कर रही हैं। खबरों का कहना है कि पूजा हेगड़े ने अपना मेहनताना भी बढ़ा दिया है। उनकी मूवी की फीस के बारे में जानकार आप भी सोचने पर मजबूर होने वाले है। पूजा हेगड़े को कभी ईद कभी दिवाली के लिए मिली इतनी हाइक: खबरों का कहना है कि पूजा हेगड़े को सलमान खान की मूवी कभी ईद कभी दिवाली के लिए फीस में 4 गुना हाइक मिल गई है। सलमान खान की ये मूवी बहुत चर्चा में रही है। दरअसल, मूवी की स्टारकास्ट में कई बार परिवर्तन देखने के लिए मिला। फिल्म कभी ईद कभी दिवाली से शहनाज गिल अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। कुछ समय से यह कहा जा रहा है कि पूजा हेगड़े ने अपनी अगली फिल्म जन गण मन के लिए 5 करोड़ रुपये से अधिक की फीस लेने जा रही हैं। जन गण मन पैन इंडिया फिल्म होगी जो हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होने वाली है। इस मूवी में उनके साथ विजय देवरकोंडा दिखाई देने वाले है। (आरएनएस)

# मिताली राज का किरदार निभाना मेरे लिए बड़ी चुनौती थीः तापसी



आगामी बायोपिक 'शाबाश मिठू' में तापसी पन्नू के लिए मिताली राज का किरदार निभाना उनके लिए एक बड़ी चुनौती थी। विस्तार से बताते हुए अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए मिताली को ऑन-स्क्रीन खेलना सबसे बड़ी चुनौती थी। मैंने क्रिकेट से परे उसकी यात्रा से उसे नोटिस किया।

फिल्म में मिताली राज के एक महान क्रिकेटर बनने और दुनिया भर के अरबों लोगों के लिए प्रेरणा बनने के सफर को दिखाया गया है। मिताली ने अपनी क्लासिक सुंदर शैली में खेल को बदल दिया, लिंग अज्ञेय को एक ऐसे क्षेत्र में छोड़ दिया जहां आमतौर पर महिलाओं की उपस्थिति पर ध्यान दिया जाता है।

तापसी की पहली छाप के बारे में बात करते हुए मिताली ने कहा, जब फिल्म की घोषणा की गई थी, तो मैं पहली बार बेंगलुरु में तापसी से मिली थी। उसमें बहुत सारी ऊर्जा के साथ वह बहुत शैतान थी।

तापसी का यह भी मानना है कि भले ही वह और मिताली बेहद विपरीत व्यक्तित्व साझा करते हैं, लेकिन उनकी समान विचारधाराएं हैं और इससे उन्हें वास्तव में अच्छी तरह से जुड़ने में मदद मिली।

श्रीजीत मुखर्जी द्वारा निर्देशित और वायकॉम18 स्टूडियोज द्वारा निर्मित 'शाबाश मिठू' 15 जुलाई को रिलीज हुई।

## उर्फी जावेद के नए लुक ने फैंस को किया पागल

टीवी की मशहूर अदाकारा उर्फी जावेद आजकल अपने फैशन सेंस और स्टाइलिंग टैलेंट के लिए मशहूर हैं। वह अच्छी भांति जानती हैं कि पुराने ऑउटफिट में नई जैसी जान कैसे भरनी है। कभी बोरे से ऑउटफिट बनाना तो कभी प्लास्टिक की कपड़े सुखाने वाले रस्सी से ही फैशन के नाम पर स्टाइलिंग कर देना। यह सिर्फ उर्फी जावेद ही कर सकती हैं।

वही हाल ही में उर्फी ने अपना नया लुक शेयर किया जिसमे उन्होंने पाउडर पीच साटन ड्रेस को स्टाइलिंग दे डाली है। प्लंजिंग नेकलाइन वाले इस ऑउटफिट को पहनकर उर्फी जावेद ने फोटोशूट कराया है। ग्लैमरस लुक देने के लिए उर्फी जावेद ने इसके साथ नेक में एक तार में पिरोया हुआ रोज पहना है, जो ऑउटफिट से ही बनाया हुआ है। पीछे से यह ड्रेस बैकलेस है। बालों को नूडल्स लुक दिया है। न्यूड मेकअप और ग्लोसी लिपस्टिक के साथ लुक को पूरा किया है। वही उर्फी जावेद के इस लुक की चर्चा हर तरफ हो रही है। प्रशंसकों को भी उनका यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। उर्फी जावेद के एक प्रशंसक ने लिखा, दीदी, आप बेहद खूबसूरत नजर आ रही हो इस ड्रेस में। (आरएनएस)

# मिर्ज़ापुर 3 के लिए कुश्ती की ट्रेनिंग ले रहे है अली फज़ल



अली फज़ल ने अपने अभिनय से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पे धूम मचाई है और सबसे प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स में से एक मिर्ज़ापुर का किरदार गुड्डू भैया है। जैसे ही पूरी कास्ट और क्रू ने बहुप्रतीक्षित तीसरे सीज़न की शूटिंग शुरू करने की तैयारी शुरू की, अली फज़ल अपने किरदार को स्क्रीन पर वापस लाने के लिए अपनी तैयारी में व्यस्त हो गए। तोह इस इस बार क्या अलग देखने को मिलेगा?

जिस स्तर का एक्शन और उसके लिए तैयारी करने की तकनीक पिछले दो सीज़न से बिलकुल अलग होगा। अभिनेता ने अपने रोल के लिए हाथ से हाथ का मुकाबला करने के तरीकों को लागू करने के लिए कुश्ती की मूल बातें सीखने की विधि को अपनाया है। शो में हमेशा एक्शन होता है, लेकिन इस बार की स्क्रिप्ट इसकी बहुत अधिक मांग करती है। अपनी भूमिका के लिए अपने स्टंट और एक्शन खुद करना चाहते हैं, अली इस समय और इस तैयारी का उपयोग शो में उन दृश्यों पर लागू करने के लिए करना चाहते हैं। एक सूत्र के अनुसार, अली फज़ल फिलहाल एक्शन सीन के लिए तैयारी कर रहे हैं जो इस आगामी सीज़न की स्क्रिप्ट का हिस्सा हैं। ट्रेनिंग फिलहाल जारी है और वह शूटिंग शुरू होने से पहले कुछ हफ्तों से ऐसा कर रहे हैं। अली इस भूमिका के लिए अपना पूरा वक्त दे रहे हैं और इसके लिए पहले से ही बुनियादी कुश्ती सबक लेना शुरू कर दिया है। आपको बता दे उन्होंने ट्रेनिंग के साथ साथ मिर्ज़ापुर 3 की शूटिंग भी शुरू कर दी है जो फिलहाल मुंबई में हो रही है अली फज़ल को हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मर्डर मिस्ट्री, डेथ ऑन द नाइल में देखा गया था और जल्द ही वह तब्बू के साथ विशाल भारद्वाज की खुफ़िया और जेरार्ड बटलर के साथ एक और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म, कंधार में नज़र आएंगे।(आरएनएस)

# मणिरत्नम की पोन्नियिन सेल्वन में अभिनेत्री तृषा का फर्स्ट लुक जारी



निर्देशक मणिरत्नम की बहुप्रतीक्षित फिल्म पोन्नियिन सेल्वन के निर्माताओं ने फिल्म में राजकुमारी कुंदवई के रूप में अभिनेत्री तृषा का पहला लुक जारी किया। लाइका प्रोडक्शंस और मद्रास टॉकीज, जो संयुक्त रूप से फिल्म का निर्माण कर रहे हैं, ने फर्स्ट लुक पोस्टर को ट्वीट किया और कहा, पुरुषों की दुनिया में, साहस की एक महिला।

प्रस्तुत है राजकुमारी कुंदवई।निर्माताओं ने फिल्म में आदित्य करिकालन के रूप में विक्रम का फर्स्ट लुक पोस्टर, वंथियाथेवन के रूप में कार्थी और फिल्म में रानी नंदिनी के रूप में ऐश्वर्या राय बच्चन को पहले ही जारी कर दिया है। फिल्म, जिसका पहला भाग इस साल 3० सितंबर को रिलीज होगी, पांच भाषाओं- तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी।

यह फिल्म प्रख्यात लेखक कल्कि के क्लासिक तमिल उपन्यास पोन्नियिन सेल्वन पर आधारित है। मणिरत्नम द्वारा अपना ड्रीम प्रोजेक्ट कहे जाने वाली यह फिल्म देश में अब तक की सबसे महंगी परियोजनाओं में से एक होगी। फिल्म अपने प्रत्येक विभाग को संभालने के व्यवसाय में सर्वश्रेष्ठ है। ए आर रहमान इस महाकाव्य ऐतिहासिक के लिए संगीत दे रहे हैं और सिनेमैटोग्राफी रवि वर्मन द्वारा की गई है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कला निर्देशक थोट्टा थरानी प्रोडक्शन डिजाइन के प्रभारी हैं जबकि मणिरत्नम के विश्वसनीय संपादक श्रीकर प्रसाद इसके संपादन का काम संभाल रहे हैं। (आरएनएस)

# तेल के खेल में नया खेला!

अजीत द्विवेदी

तेल में बड़ा खेल हो रहा है। किसी का ध्यान इस तरफ नहीं है तो उसका कारण यह है कि छह अप्रैल यानी भाजपा के स्थापना दिवस के बाद से पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं। उलटे दोनों ईंधनों के दाम में कमी आ गई है। चूंकि भारत में ज्यादातर लोगों को पेट्रोल-डीजल से इतना ही सरोकार होता है कि इनकी कीमत बढ़ रही है, घट रही है या स्थिर है। कीमत बढ़ नहीं रही है और मई में एक बार उत्पाद शुल्क में कटौती की वजह से पेट्रोल साढ़े नौ रुपए और डीजल सात रुपए प्रति लीटर सस्ता हुआ। सो, इसके बाद अब क्या चाहिए? यूक्रेन और रूस की लड़ाई चल रही है, तेल उत्पादन और निर्यात करने वाले देश उत्पादन नहीं बढ़ा रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं फिर भी भारत में तेल महंगा नहीं हो रहा है तो सब संतुष्ट हैं। उन्हें पता नहीं है कि तेल के खुदरा कारोबार और खुदरा कीमत से इतर भी तेल का बड़ा खेल है।

तेल का यह खेल उलझ गया है और उसके साथ साथ सरकार भी उलझ गई है। सरकार तो अपनी मजबूरी में तेल की कीमतें नहीं बढ़ा रही है। पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम पहले ही आसमान पर पहुंचे हुए हैं और अगले कुछ दिन में दो राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। तभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अप्रैल से अभी तक कच्चे तेल की कीमत में 15 डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी के बावजूद भारत में कीमतें स्थिर रखी गई हैं। इससे सरकारी पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनियों का मुनाफा कम हो रहा है। इसके बावजूद उनकी मजबूरी है, जो वे पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध करा रहे हैं। पर ऐसी कोई मजबूरी निजी कंपनियों की नहीं है।

सो, उन्होंने मुनाफा कम होते ही तेल की आपूर्ति घटा दी। इसका नतीजा यह हुआ कि देश के कई हिस्सों में पेट्रोल पंपों पर सूखा पड़ गया। जून में दो-तीन हफ्ते तक कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल की किल्लत रही क्योंकि कंपनियों ने आपूर्ति कम कर दी थी। कई राज्यों में ऐसी स्थिति पैदा हुई। एक रिपोर्ट के मुताबिक कई दिन तक औसतन चार सौ पेट्रोल पंप बंद रहे।

ऐसा नहीं है कि सिर्फ निजी कंपनियों के पेट्रोल पंप बंद हुए सरकारी कंपनियों ने भी आपूर्ति घटाई। पिछले महीने के आखिरी हफ्ते में एक दिन हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सवा दो सौ पेट्रोल पंप तेल नहीं होने की वजह से बंद रहे। सबसे बड़ी तेल मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल के भी 130 पेट्रोल पंप बंद रहे और भारत पेट्रोलियम के 50 से ज्यादा पंप तेल की कमी से बंद रहे। इसके बावजूद तेल मार्केटिंग कंपनियां इससे इनकार करती रही कि कहीं तेल की कमी हो रही है। असल में पिछले करीब दो-तीन महीने से सरकारी और निजी दोनों पेट्रोलियम कंपनियां माहौल बना रही हैं कि कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से उनको खुदरा कारोबार में नुकसान हो रहा है। उनके माहौल बनाने के बावजूद सरकार कीमतों में बढ़ोतरी करने की इजाजत नहीं दे रही है। ध्यान रहे भारत में 82 हजार के करीब पेट्रोल पंप हैं, जिनमें से सात हजार से कुछ ज्यादा निजी कंपनियों के हैं। इनमें से ज्यादातर पर आपूर्ति कम हो गई है या बंद हो गई है।

सोचें, सरकार बरसों से यह कथा सुनाती रही है कि तेल की कीमतें बाजार के हिसाब से कंपनियां खुद तय करती हैं फिर जब कंपनियों को नुकसान हो रहा है तो वे कीमत क्यों नहीं बढ़ा रही हैं? कीमत बढ़ाने की बजाय वे आपूर्ति कम कर रही हैं। ऊपर से उनका तर्क है कि पिछले साल के मुकाबले तेल की मांग 50 फीसदी बढ़ गई है। सवाल है कि क्या उनको पता नहीं है कि पिछले साल कोरोना की वजह से लॉकडाउन में तेल की खपत कम हो गई थी तो इस साल उसे अनिवार्य रूप से बढ़ना था? खुद सरकार ने जून के मध्य में माना कि कुछ राज्यों खास कर मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक आदि में पेट्रोलियम उत्पादों की कमी हुई और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सवाल है कि जब पर्याप्त मात्रा में कच्चा तेल आयात हो रहा है तो फिर तेल मार्केटिंग कंपनियां खुदरा आपूर्ति में कमी कैसे कर सकती हैं?

यहीं पर तेल कंपनियों का खेल चल रहा है। भारत में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के अलावा दो निजी कंपनियां नयारा एनर्जी और रिलांयस पेट्रोलियम तेल की मार्केटिंग करती हैं। तीनों सरकारी कंपनियों की तो मजबूरी है कि अगर सरकार कीमत नहीं बढ़ाने दे रही है तब भी वे आपूर्ति सुनिश्चित करें। लेकिन निजी कंपनियों की ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने पेट्रोल पंप पर आपूर्ति घटा दी और निर्यात बढ़ा दिया। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस पर लगी पाबंदियों का सबसे बड़ा फायदा भारत की निजी रिफाइनरी और मार्केटिंग कंपनियों ने उठाया है। उनको रूस से बेहद सस्ते दाम पर कच्चा तेल मिल रहा है और वे रिफाइन करके यूरोप के उन्हीं देशों में बेच रही हैं, जो पाबंदियों की वजह से सीधे रूस से तेल नहीं खरीद रहे हैं। इससे तेल कंपनियों ने छप्पर फाड़ मुनाफा कमाया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में पिछले महीने यानी जून में हर दिन औसत 12 लाख बैरल तेल रूस से खरीदा गया है। इस लिहाज से भारत के लिए रूस कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता हो गया है- सऊदी अरब और इराक से भी बड़ा!

अब जाकर भारत सरकार की नींद खुली है तो उसने निजी कंपनियों की छप्पर फाड़ कमाई पर अतिरिक्त टैक्स लगाया है। सरकार ने पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर प्रति लीटर छह रुपए और डीजल पर 13 रुपए प्रति लीटर का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। साथ ही यह भी निर्देश दिया है कि रिफाइनरी कंपनियां एक टन निर्यात पर आधा टन ईंधन घरेलू जरूरत के लिए उपलब्ध कराएं। इसके अलावा कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन पर भी प्रति टन 23,250 रुपए का उपकर लगाया गया है। सरकार को इस तरह के कदम पहले उठाने चाहिए थे और यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि निजी कंपनियां भले मुनाफा कमाएं पर घरेलू ग्राहकों के लिए मुश्किल पैदा नहीं करें। एक तरफ अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा हो रहा है तो दूसरी ओर घरेलू मांग बढ़ रही है और सरकार तेल कंपनियों को कीमत नहीं बढ़ाने दे रही है। इनके बीच सरकारी और निजी कंपनियां अपने नुकसान का हवाला देकर घरेलू आपूर्ति घटा रही हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। सरकार को इस पर नजर रखनी होगी।

## निगेटिव किरदार निभाने में काफी जोखिम उठाना पड़ता है : अहाना कुमरा

उग्रवाद विरोधी एक्शन ड्रामा 'अवरोध 2' में एक प्रतिपक्षी की भूमिका निभाने वाली अहाना कुमरा का कहना है कि नकारात्मक भूमिका निभाने में काफी जोखिम उठाना पड़ता है क्योंकि दर्शक या तो चरित्र को प्यार करते हैं या सिर्फ नफरत करते हैं। शो में वह एक अंडरकवर एजेंट की भूमिका निभाती है जो देश में नकली नोटों को पकड़ाकर वित्तीय आतंकवाद को उजागर करता है। यह पहली बार है जब 'लिपस्टिक अंडर माई बुर्का' में पहली बार ध्यान आकर्षित करने वाली अभिनेत्री नकारात्मक भूमिका निभा रही हैं।

अहाना ने बताया, नकारात्मक किरदार निभाना जोखिम भरा है क्योंकि लोग इस किरदार से पूरी तरह नफरत कर सकते हैं या बैकस्टोरी जानने के बाद, उससे प्यार करना शुरू कर सकते हैं या चरित्र के प्रति सहानुभूति दिखा सकते हैं। जबकि शो में अभिनेत्री के पास कोई एक्शन सीन नहीं है, उसने कहा, मेरे पास बहुत सारे दृश्य हैं जहां मेरा कोई सह-अभिनेता नहीं है। स्टार की अपनी चुनौतियां हैं। इसलिए कुल मिलाकर यह मेरे लिए काफी अनूठा अनुभव था। अहाना को रंगबाज, बॉम्बर्स, बेताल और फॉरबिडन लव जैसी वेब सीरीज और लिपस्टिक अंडर माई बुर्का, योर्स ट्रूली और खुदा हाफिज जैसी फिल्मों में दमदार परफॉर्मेंस देने के लिए जाना जाता है। वह अब एक आगामी वेब सीरीज की शूटिंग कर रही हैं और उन्होंने अनुभवी फिल्म निर्माता और अभिनेत्री रेवती की अगली फिल्म 'सलाम वेंकी' के लिए अपना शेड्यूल पूरा कर लिया है, जिसमें काजोल भी हैं।(आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.94 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## ऐश्वर्या राजेश-स्टारर ड्राइवर जमुना का ट्रेलर जारी

निर्देशक पी. किंसलिन की बेसब्री से प्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर, ड्राइवर जमुना का एक कठिन ट्रेलर, जिसमें अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश मुख्य भूमिका में हैं, चार भाषाओं तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में जारी किया गया है। जहां अभिनेता शिवकार्तिकेयन और शशिकुमार ट्रेलर के तमिल संस्करण को जारी करने वालों में शामिल थे, सुरेश प्रोडक्शंस ने तेलुगु संस्करण और अभिनेता किशोर ने कन्नड़ संस्करण जारी किया।

ट्रेलर का मलयालम संस्करण अभिनेता उन्नी मुकुंदन द्वारा जारी किया गया था। ऐसा लगता है कि, ऐश्वर्या राजेश, जो रूढ़िवादिता को तोड़ने के लिए जानी जाती हैं, ने इस फिल्म में एक और भूमिका निभाई है जो एक अभिनेत्री के लिए पहली बार हो सकती है। ऐश्वर्या राजेश ने ड्राइवर जमुना में एक कैब ड्राइवर की भूमिका निभाई है, जिसे किन्सलिन द्वारा निर्देशित किया गया है, जिसकी पिछली फिल्म, वथिकुची बॉक्स ऑफिस पर समीक्षकों द्वारा प्रशंसित थी।

ट्रेलर इस तथ्य को दूर करता है कि कहानी एक विशेष यात्रा के दौरान होती है जिसमें यात्री शामिल होते हैं जो एक साझा ड्राइव का विकल्प चुनते हैं। ऐश्वर्या की यात्रा, वालाजाबाद और ईस्ट कोस्ट रोड के बीच है। (आरएनएस)

# सरकार कैसे तय करे संदेश सही या गलत ?

वेद प्रताप वैदिक

सोशल मीडिया की प्रसिद्ध कंपनी, ट्विटर, ने यह कहकर अदालत की शरण ली है कि भारत सरकार अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रही है, क्योंकि वह चाहती है कि ट्विटर पर जाने वाले कई संदेशों को रोक दिया जाए या हटा दिया जाए। उसने गत वर्ष किसान आंदोलन के दौरान जब ऐसी मांग की थी, तब कई संदेशों को हटा लिया गया था। लेकिन ट्विटर ने कई नेताओं और पत्रकारों के बयानों को हटाने से मना कर दिया था। जून 2022 में सरकार ने फिर कुछ संदेशों को लेकर उसी तरह के आदेश जारी किए हैं लेकिन अभी यह ठीक-ठीक पता नहीं चला है कि वे आपत्तिजनक संदेश कौन-कौन से हैं?

क्या वे न्यायाधीशों की मनमानी टिप्पणियां हैं या नेताओं के निरंकुश बयान हैं या साधारण लोगों के अनाप-शनाप अभिमत हैं? सरकारी आपत्तियों को ट्विटर कंपनी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन बताया है। उसका कहना है कि ज्यादातर आपत्तियां विपक्षी नेताओं के बयानों पर है। केंद्रीय सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि सरकार ऐसे सब संदेशों को हटवाना चाहती है, जो समाज में बैर-भाव फैलाते हैं, लोगों में गलतफहमियां फैलाते हैं और उन्हें हिंसा के लिए भड़काते हैं।

पता नहीं कर्नाटक का उच्च न्यायालय इस मामले में क्या फैसला देगा लेकिन सैद्धांतिक तौर पर वैष्णव की बात सही लगती है परंतु असली प्रश्न यह है कि सरकार अकेली कैसे तय करेगी कि कौनसा संदेश सही है और कौनसा गलत? अफसरों की एक समिति को यह अधिकार दिया गया है लेकिन ऐसे कितने अफसर हैं, जो मंत्रियों के निर्देशों को स्वविवेक की तुला पर तोलने की हिम्मत रखते हैं? इस बात की पूरी संभावना है कि वे हर संदेश की निष्पक्ष जांच करेंगे लेकिन अंतिम फैसला करने का अधिकार उसी कमेटी को होना चाहिए, जिस पर पक्ष और विपक्ष, सबको भरोसा हो।

इसमें शक नहीं है कि सामाजिक मीडिया जहां सारे विश्व के लोगों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ है, वहीं उसके निरंकुश संदेशों ने बड़े-बड़े कोहराम भी मचाए हैं। आजकल भारत में चल रहा पैगंबर-विवाद और हत्याकांड उसी के वजह से हुए हैं। जरुरी यह है कि समस्त इंटरनेट संदेशों और टीवी चैनलों पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि लक्ष्मण-रेखा का उल्लंघन कोई भी नहीं कर सके। सामाजिक मीडिया और टीवी चैनलों पर चलनेवाले अमर्यादित संदेशों की वजह से आज भारत जितना परेशान है, उससे कहीं ज्यादा यूरोप उद्वेलित है।

# सीएम धामी से फिल्म उद्योग से जुड़े प्रदेश के कलाकारों ने भेंट की



संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में फिल्म उद्योग से जुड़े प्रदेश के कलाकारों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में सरकार द्वारा फिल्मों को बढ़ावा दिया जा रहा है। फिल्म निर्माण के क्षेत्र में फिल्म जगत से जुड़े लोगों को जो भी सुझाव प्राप्त होंगे, उन सभी सुझावों पर विचार किया जायेगा। प्रदेश में फिल्मों के विकास एवं कलाकारों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत राज्य में फिल्म नीति बनाई गई है।

इस अवसर पर फिल्म उद्योग से जुड़े कलाकारों ने प्रदेश में फिल्म सिटी की स्थापना देहरादून शहर के 30 से 40 किमी. के दायरे में किए जाने एवं फिल्म निर्माण से संबंधित गतिविधियों के लिए सब्सिडी बढ़ाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा दोनों मांगों पर विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश के फिल्म क्षेत्र से जुड़े श्री गणेश विरान, श्री बलराज नेगी, श्री अनुज जोशी, श्री अशोक चौहान, श्री प्रदीप भण्डारी एवं अन्य कलाकार उपस्थित थे।

# पुलिसकर्मी को धमकी देकर हड़पे 75 हजार

हमारे संवाददाता

बांदा। यूपी के बांदा में कुछ लोगों ने एक पुलिसकर्मी को वीडियो कॉल किया साथ ही उसका एमएमएस बनाकर उसे ब्लैकमेल करने लगे। बाद में जेल भिजवाने के नाम पर धमकी देते हुए उससे 75 हजार रुपये बैंक खाते में स्थानंतरित करवा लिए। मामले से परेशान पुलिस कर्मी द्वारा शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिसकर्मी भानु प्रताप ने नगर कोतवाली में शिकयत दर्ज करवाते हुए बताया गया कि उन्हे 10 जुलाई को व्हाटसप पर एक मैसेज आया था। जब वह मैसेज देखने लगा, उसे वीडियो कॉल आने लगी। उसने जैसे ही वीडियो कॉल उठाया तो होश उड़ गए। दरअसल, वीडियो कॉल में युवती अपने कपड़े उतार कर गंदी हरकत कर रही थी। फिर युवती ने उसे बाथरूम में जाने को बोला। फिर बोला कि मैं जैसा बोल रही हूं, वैसा करो। कांस्टेबल ने युवती को ये बोलते हुए डांट दिया कि मैं शादीशुदा हूं तथा मेरे दो बच्चे हैं। मैं कोई भी गलत हरकत नहीं करूंगा।

युवती ने कहा कि वो रात को 9 बजे फिर से कॉल करेगी। जैसे ही 9 बजे युवती का कॉल आया कांस्टेबल ने नहीं उठाया। इस पर युवती ने उसे व्हाटसअप पर पहली वीडियो कॉल का वीडियो भेजा, जो कि अश्लील था। फिर धमकी देते हुए बोला कि हम तुम्हें छोड़ेंगे नहीं। फिर 12 जुलाई को क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर नोएडा का नाम बताकर कांस्टेबल को कॉल आया, जिसमें बोला गया कि किसी महिला ने उसके खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करवाया है। वही जब कांस्टेबल ने कहा कि उसने ऐसा कुछ नहीं किया है। वो वीडियो गलत तरीके से बनाया गया है। इस पर कांस्टेबल को कहा गया कि वो यूट्यूब चैनल से बात करे। तभी उसका वीडियो डिलीट हो सकता है। कांस्टेबल ने उनके द्वारा बताए नंबर पर कॉल किया तो उससे 75 हजार रुपये की मांग की गई। उससे बोला गया कि 75 हजार प्राप्त होने के बाद ही उसका वीडियो डिलीट किया जाएगा। कांस्टेबल ने भी बिना कुछ सोचे-समझे रूपये स्थांतरित कर दिए। किन्तु उसे फिर से ब्लैकमेलिंग के फोन आने लगे। जिससे परेशान होकर उसने शहर कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है।

# आईपीएस खुराना और इंस्पेक्टर दोनों को ले डूबी उच्चाधिकारियों की जी हजूरीः नेगी

## ❑ओनिडा फैक्ट्री अग्निकांड में हुई 12 मजदूरों की मौत से जुड़ा है मामला

नगर संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि वर्ष 2013 में पुलिस उपमहानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र का कुछ दिनों के लिए अतिरिक्त कार्यभार संभालने वाले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून केवल खुराना ने अपने उच्चाधिकारी को खुश करने के लिए वर्ष 2012 में मंडावली, थाना मंगलौर, हरिद्वार में स्थित मृक इलेक्ट्रॉनिक्स (ओनिडा फैक्ट्री) में हुए भीषण अग्निकांड के शिकार 12 मजदूरों की जलकर मौत की धारा 304 को 304 ए में परिवर्तित करने एवं फैक्ट्री मालिक को मामले से बाहर निकालने का खामियाजा भुगत रहे हैं। खुराना द्वारा जांच अधिकारी महेंद्र सिंह नेगी (प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीपुर) एवं बाद में पंकज गैरोला प्रभारी निरीक्षक को हटाकर उनकी जगह मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल से थाना प्रभारी



### ❑सीजेएम कोर्ट ने एफआर की खारिज

राजीव डंडरियाल को जांच अधिकारी नामित करना/ करवाना तथा बाद में मामले में एफआर लगाना जी का जंजाल बन गया है। इस पूरे प्रकरण की जांच पहले पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) हरिद्वार द्वारा भी की गई थी। गौर करने वाली बात यह है कि उस वक्त के एसएसपी, हरिद्वार द्वारा विवेचक बदलने का विरोध किया गया था, लेकिन इसके बावजूद विवेचक बदला गया। उक्त के उपरांत वर्ष 2015 में पुलिस महानिरीक्षक संजय गुंजियाल द्वारा पुलिस मुख्यालय को प्रेषित रिपोर्ट में पूरे मामले में इन अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। नेगी ने कहा कि उक्त पूरे मामले में सीजीएम न्यायालय द्वारा एफआर रद्द कर दोबारा जांच के आदेश दिए गए हैं। इसी प्रकार इंस्पेक्टर राजीव डंडरियाल खुराना के आदेश एवं जी हजूरी का खामियाजा भुगत रहे हैं यानि दोनों अधिकारियों पर गाज गिर रही है तथा सूत्रधार पूरी पिक्चर से गायब हैं। इस पूरी कड़ी में उक्त उच्चाधिकारी तब के गृह विभाग के प्रमुख सचिव ओम प्रकाश(अब रिटायर्ड ) की भूमिका अभिलेखों के मुताबिक कुछ भी नहीं है,जबकि सारा किया धरा दोनों उच्चाधिकारियों का ही है। मोर्चा को उम्मीद है कि पीड़ित पक्ष को न्याय मिलेगा एवं अधिकारियों को नेताओं की जी हजूरी व सत्ता की चापलूसी का भी सबक मिलेगा।

# नेता प्रतिपक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी से की शिष्टाचार भेंट



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आज उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी से देहरादून स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने नेता प्रतिपक्ष का स्वागत किया।

इस मुलाकात के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य का हालचाल जाना। वहीं भुवन चंद्र खंडूडी ने भी प्रदेश से संबंधित विभिन्न विषयों पर यशपाल आर्य से बातचीत की। इस दौरान दोनों ही नेताओं ने अपने पुराने अनुभव एवं संस्मरण साझा किए। साथ ही प्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर नेता प्रतिपक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष के बीच भी बातचीत हुई।

# एसटीएफ ने दस हजार के ईनामी नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एस टी एफ ने एक साल से फरार चल रहे दस हजार के ईनामी नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस टी एफ अजय सिंह ने बताया कि 8 मार्च 2021 को देहरादून पुलिस टीम चौकी पंडितवारी पर रूटीन चेकिंग कर रही थी कि इसी दौरान विकासनगर की ओर से एक कार तेजी से आई पुलिस टीम द्वारा बैरियर लगाकर कार को रोकने का प्रयास किया गया कार चालक द्वारा कार वहां से भगा ली गई पुलिस टीम द्वारा उक्त कार का पीछा किया गया तब कार चालक अपने को घिरता हुआ देख बल्लूपुर चौक के पास ही कार छोड़कर फरार हो गया कार की चेकिंग की गई तो कार में लगभग 50 किलो डोडा पोस्ट बरामद



हुआ। पुलिस टीम द्वारा बरामदगी के आधार पर कार चालक के विरुद्ध थाना कैंट पर मुकदमा एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया। जांच में कासिम निवासी मुंडा खेड़ा, मगरूब (कासिम का पुत्र ), मुनबर अली निवासी सहारनपुर के नाम सामने आए। लेकिन तीनों के घरों पर जब दबिश दी जा रही थी तो तीनों फरार चल रहे थे तीनों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी किए गए थे लेकिन उनके लगातार फरार होने के कारण तीनों पर दस दस हजार का इनाम घोषित किया गया था। पूर्व में एसटीएफ द्वारा उक्त मुकदमे में फरार चल रहे इनामी मगरूर पुत्र कासिम को भी गिरफ्तार किया गया था एवं दूसरे मुनव्वर अली द्वारा आत्म समर्पण कर लिया गया था। लेकिन मुख्य आरोपी मोहम्मद कासिम लगातार फरार चल रहा था जो कि 10000 रूपये का इनामी था। एसटीएफ टीम को सूचना प्राप्त हुई कि वाँछित कासिम पुत्र हासिम मुंडाखेड़ा के आस पास ही छिप छिप कर आता जाता रहा रहा है एवं आज अपने गावँ में आया है एसटीएफ की टीम द्वारा रात्रि में दबिश देकर कासिम को मुंडाखेड़ा से गिरफ्तार किया गया। कासिम एक शातिर अपराधी है एवं जिसके द्वारा पिछले कई वर्षों से मादक पदार्थों की तस्करी की जाती रही है वह पंजाब के खरड़ थाने से भी वाँछित है जिस के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही।




## एक नजर

### विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा ने भरा उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की साझा उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा ने मंगलवार को राहुल गांधी और शरद पवार समेत कई प्रमुख विपक्षी नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन दाखिल करने के मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, शिवसेना नेता संजय राउत और कई अन्य विपक्षी नेता मौजूद थे। विपक्षी दलों ने बीते रविवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा को अपना साझा उम्मीदवार घोषित किया था। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ से है। धनखड़ ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया था। अल्वा की उम्मीदवारी के संदर्भ में रणनीति पर चर्चा के लिए विपक्ष के नेताओं ने सोमवार को शरद पवार के आवास पर बैठक की थी। इस बैठक के बाद 80 साल की अल्वा ने ट्वीट कर कहा था, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह मुश्किल चुनाव होगा, लेकिन मुझे किसी चुनौती से डर नहीं है।

### मॉल में नमाज अदा करने वाले चार युवक हिरासत में

लखनऊ। लखनऊ में लुलु मॉल के उद्घाटन के बाद से ही विवाद लगातार बढ़ते चले जा रहे हैं। मंगलवार को लुलु मॉल विवाद पर प्रशासन ने सख्त एक्शन लेते हुए चार युवकों को हिरासत में लिया। प्रशासन के इस एक्शन की जानकारी लखनऊ लाउथ के एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव ने दी। लखनऊ लाउथ के एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ स्थित लुलु मॉल में नमाज अदा करने वाले चार युवकों को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ इस सोमवार को प्रशासन की बैठक के दौरान इस मामले में सख्त दिशा निर्देश दिए थे। सीएम योगी ने कहा था, शहर के एक नए मॉल को राजनीति का अड्डा बना लिया गया है। मॉल के नाम पर प्रदर्शन हो रहे हैं और बेमतलब की बयानबाजी चल रही है। लखनऊ प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर सख्त कार्रवाई करे। इस संबंध में उन्होंने सख्त निर्देश भी दिए थे।

### पंचतत्व में विलीन हुए गायक भूपिंदर सिंह

नई दिल्ली। जाने-माने गजल गायक भूपिंदर सिंह का सोमवार को निधन हो गया है। मुम्बई के क्रिटी केयर अस्पताल में उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। भूपिंदर सिंह लंबे समय से बीमार चले रहे थे। 82 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। इतना ही नहीं भूपिंदर सिंह का अंतिम संस्कार भी आधी रात में ही कर दिया गया है। मीडियो रिपोर्ट्स के अनुसार ओशिवरा श्मशान घाट में आधी रात भूपिंदर सिंह के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया है। सोमवार की शाम भूपिंदर सिंह की पत्नी मिथाली सिंह ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा था कि श्वह कुछ समय से मूत्र संबंधी समस्याओं सहित कई स्वास्थ्य जटिलताओं से पीड़ित थे। डॉक्टर से मिली जानकारी के अनुसार जांच के दौरान उन्हें कोलान कैंसर (बड़ी अतड़ियों में कैंसर) की आशंका थी। इसके साथ ही उन्हें कोरोना भी हो गया था। इसलिए कैंसर संबंधी जांच नहीं कर रहे थे। कोरोना संक्रमित रहते हुए सोमवार शाम करीब 7.30 बजे उनकी मौत हो गई। डॉक्टर के अनुसार को-मॉर्बिटीज की समस्या के चलते उनकी मौत हुई है।

### कांवड़ यात्राओं में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिएः योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते कल यानी सोमवार को जिलों में तैनात वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करते हुए निर्देश दिया कि कांवड़ यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वास्थ्य चौकियां बनायी जाएं और किसी भी धार्मिक यात्रा या जुलूस में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने कहा कि श्रावण मास के प्रथम सोमवार के विशेष अवसर पर आज प्रदेश के सभी जिलों में आस्था और उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया, यह हमारी अच्छी तैयारी का ही परिणाम है कि सभी जगह स्थिति शांतिपूर्ण रही। इसी के साथ सीएम योगी ने यह भी कहा कि, श्लगभग दो साल के अंतराल के बाद इस बार कांवड़ यात्रा आयोजित हो रही है, ऐसे में श्रद्धालुओं का उत्साहित होना स्वाभाविक ही है, इसलिए हमें और सावधान-सतर्क रहना होगा। वहीं कांवड़ संघों के पंजीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, कांवड़ यात्रा मार्ग पर जगह-जगह हेल्थ पोस्ट स्थापित किए जाएं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी उपयोगी हो सकते हैं। यहां प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा रहे। गर्मी तेज है, ऐसे में मार्ग में पीने के पानी की व्यवस्था भी हो।

# नियुक्तियों में धांधली के विरोध में कांग्रेस का सचिवालय पर प्रदर्शन



विशेष संवाददाता

देहरादून। नियुक्तियों में धांधली के विरोध में आज विपक्षी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सचिवालय का घेराव किया और सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया तथा धरना दिया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा और विधायक भुवन चंद कापड़ी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता और नेताओं ने आज सचिवालय कूच किया जहां सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने सचिवालय गेट पर धरना भी दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन देकर भाजपा के कार्यकाल में हुई विभिन्न विभागों में नियुक्तियों की जांच कराने की मांग भी की गई। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अधीनस्थ सेवाओं पर भी भर्तियों में गड़बड़ी का आरोप लगाया।

प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा का कहना है कि भाजपा की सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वच्छ शासन-प्रशासन

**❑भाजपा के कार्यकाल में हुई सभी नियुक्तियों की जांच की मांग**

और पारदर्शिता की बातें तो करते हैं लेकिन राज्य में बेरोजगारों के साथ सरकार नाइंसाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में तमाम विभागों में जो नियुक्तियां की गई है उनमें भारी अनियमितताएं बरती गई है। उन्होंने कहा कि सरकार इन नियुक्तियों की जांच कराएं। भुवन चंद कापड़ी का कहना है कि सरकार अपने कार्यकाल में हुई भर्तियों की जांच कराएं उन्होंने कहा कि राज्य के सहकारी बैंक में हुई नियुक्तियों की सरकार जांच कराने के नाम पर लीपापोती कर रही है उन्होंने कहा कि सरकार इन नियुक्तियों की सिर्फ एक जांच कर रही है उन्होंने कहा कि भाजपा 6 साल से सत्ता में है सहकारिता में बीते 6 सालों में जितनी भी नियुक्तियां हुई है उन सभी की जांच कराई जाए। सिर्फ एक साल के अंदर हुई नियुक्तियों की ही जांच क्यों कराई जा रही है।

उन्होंने कहा कि तमाम सरकारी विभागों में बीते 6 साल में जो भी नियुक्तियां हुई है उन सभी में भारी अनियमितताएं बरती गई है। उन्होंने अधीनस्थ सेवा आयोग पर भर्तियों में नियुक्तियों में धांधली का आरोप लगाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संयुक्त कनिष्ठ अभियंताओं की नियुक्ति में धांधली की जांच की मांग के पोस्टर हाथों में ले रखे थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार को एक ज्ञापन देकर धांधली की जांच की मांग की है। इससे पूर्व सैकड़ों कार्यकर्ता राजीव गांधी भवन में जमा हुए जहां से उन्होंने सचिवालय कूच किया।

## जिला पंचायत सदस्यों के प्रस्तावों को जिला योजना में शामिल नहीं किया गया तो देंगे धरनाः मर्तोलिया

संवाददाता



पिथौरागढ़। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि जिला पंचायत सदस्यों के प्रस्तावों को जिला योजना में शामिल नहीं किया गया तो वे प्रभारी मंत्री के जिला मुख्यालय दौरे पर उनके बैठक स्थल के आगे सभी सदस्यों को साथ में लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

जिपंस मर्तोलिया ने आज इस आशय का पत्र जिला अधिकारी पिथौरागढ़ तथा प्रभारी मंत्री को ईमेल से भेजा। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की बैठक में भी वे इस मामले को पुरजोर ढंग से उठा चुके है। मर्तोलिया ने कहा कि उनके कार्यकाल का यह तीसरा वित्तीय वर्ष है, जब एक भी सदस्य को जिला योजना के लिए लिखित रूप से सूचना नहीं दी गई कि वे अपना प्रस्ताव दे।

उन्होंने कहा कि जिला पंचायत सदस्यों की भूमिका को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता है। यह त्रिस्तरीय पंचायती के सबसे उच्च सदन की अवलेहना है। उन्होंने कहा कि इस बार उनके द्वारा दिए गए प्रस्तावों के साथ सभी सदस्यों के प्रस्तावों को प्राथमिकता से स्वीकृत नहीं किया गया तो वे सभी सदस्यों को साथ में लेकर प्रभारी मंत्री के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि जिला पंचायत के पिथौरागढ़ के सदस्य अपने को ठगा महसूस कर रहे है। अब सदस्यों के हितों के लिए आर -पार का संघर्ष किया जाएगा।

## पत्रकार कल्याण कोष में 2 करोड़ रुपये की वृद्धि की जायेगीः धामी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में पत्रकार कल्याण कोष की बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकार कल्याण कोष (कारपस फंड) में 02 करोड़ रूपये की वृद्धि की जायेगी। पत्रकार को दी जाने वाली पेंशन का नाम मुख्यमंत्री पत्रकार पेंशन योजना करने के साथ ही इसकी नियमावली में भी सरलीकरण किया जाए। पत्रकारों एवं उनके आश्रितों को कारपस फण्ड के मूलधन से अर्जित ब्याज की धनराशि से आर्थिक सहायता दी जाती है एवं वयोवृद्ध पत्रकारों को प्रतिमाह पेंशन की धनराशि दी जाती है। बैठक में 18 प्रकरणों पर चर्चा की गई जिसमें से 16 प्रकरण आर्थिक सहायता से संबंधित एवं 02 प्रकरण पेंशन से संबंधित थे।

आज बैठक में पत्रकार कल्याण कोष से पत्रकार आश्रितों एवं गंभीर बीमार पत्रकारों के लिए 36 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन प्रकरणों में अभी आवेदन पत्र पूर्ण नहीं हैं, उन्हें आवेदन पत्र पूर्ण करने का एक बार मौका और दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। वे पत्रकारों की समस्याओं से अवगत हैं, उनका प्रयास है कि इन समस्याओं का तेजी से निराकरण किया जाए। उन्होंने सूचना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये कि पत्रकारों के कल्याण की ठोस योजना बनाई जाए। पत्रकारों के दुर्घटना बीमा के लिए भी उचित समाधान निकाला जायेगा। वयोवृद्ध पत्रकारों को को दी जाने वाली



मासिक धनराशि को 05 हजार रूपये से बढ़ाकर 08 हजार रूपये किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के इस तरह की बैठकें आगे भी आयोजित की जायेंगी।

समिति के गैर सरकारी सदस्यों रमेश पहाड़ी, त्रिलोक चन्द्र भट्ट एवं योगेश भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पत्रकारों के कल्याण के सार्थक कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राज्य के पत्रकारों के हितों के लिए और भी महत्वपूर्ण कदम उठाये जायेंगे।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*